हरदीप एस पुरी
HARDEEP S PURI

सत्यमेव जयते

मंत्री
पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस
भारत सरकार
Minister
Petroleum and Natural Gas
Government of India

अपील

प्रिय साथियो,

विविधता में एकता हमारी गौरवमयी संस्कृति का प्रमुख आधार है। हमारे देश में सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता के साथ-साथ भाषायी विविधता भी है। देश को एक सूत्र में पिरोने वाली भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है अपितु यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। हमारे संविधान द्वारा दिनांक 14 सितंबर, 1949 को 'हिंदी' को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया गया और तब से हम प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को 'हिंदी दिवस' मनाते हैं।

हम विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने में तेल एवं प्राकृतिक गैस उद्योग की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जरूरी है कि हम आम-जन से जुड़ी अपनी सभी नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें और यह सुनिश्चित करें कि इन नीतियों तथा योजनाओं का लाभ प्रत्येक देशवासी को मिले। इसे सुनिश्चित करने के लिए सरल और सहज हिंदी, एक सशक्त प्रचार एवम् प्रसार का माध्यम है। हिंदी भाषा के माध्यम से तेल एवं प्राकृतिक गैस उद्योग की विभिन्न जन कल्याण योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुंचने से समाज के पिछड़े, कमजोर एवम् गरीब वर्ग के नागरिक लाभान्वित हो सकेंगे और देश की मुख्य धारा से जुड़ कर देश के विकास में अपना योगदान देंगे।

हमारे मंत्रालय में 14 सितंबर से 28 सितंबर तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर मैं मंत्रालय और इसके नियंत्रणाधीन तेल एवं प्राकृतिक गैस उपक्रमों के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील करता हूँ कि वे यथासंभव अपने समस्त सरकारी काम-काज सरल और आम बोलचाल की हिंदी भाषा में करें। साथ ही, सरकार की राजभाषा नीति का समुचित कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले निर्देशों का पालन करें और केवल हिंदी पखवाड़े में ही नहीं अपितु पूरे वर्ष अपना सरकारी काम काज हिंदी भाषा में करके राजभाषा हिंदी का गौरव बढ़ाएं।

जय हिंद।

दिनांक : 09 सितम्बर, 2024
नई दिल्ली

(हरदीप एस पुरी)